अति तत्काल

संख्या 1(I)/7/2018/रक्षा(समारोह)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 सितम्बर, 2018

सेवा में,

मुख्य सचिव,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली,
दिल्ली सचिवालय,
आई. पी. एस्टेट

विषय – **गणतंत्र दिवस समारोह, 2019 के लिए निमंत्रण पत्र जारी करना।**

महोदय,

गत वर्ष की भाँति यह निर्णय लिया गया है कि गणतंत्र दिवस परेड 2019 को देखने के लिए बने अहातों में प्रवेश कुछ निमंत्रण पत्रों/प्रवेश पत्रों व कुछ टिकटों द्वारा होगा। निमंत्रण पत्र/प्रवेश पत्र कुछ विशिष्ट कोटि के व्यक्तियों अर्थात राजकीय अतिथियों अथवा केंद्रीय पूर्वता सूची में सम्मिलित व्यक्तियों तथा भारत सरकार में अवर सचिव और उनसे ऊपर के पदस्तर के अन्य अधिकारियों को दिये जायेंगे। जिन लोगों के पास निमंत्रण पत्र /प्रवेश पत्र अथवा टिकट होगा, वे दस वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने साथ ला सकते हैं लेकिन बच्चे दरियों पर बैठेंगे।

2. वर्ष 2019 का गणतंत्र दिवस समापन समारोह 28 और 29 जनवरी, 2019 को आयोजित किया जायेगा। 29 जनवरी, 2019 के मुख्य कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र केंद्रीय पूर्वता सूची में उल्लिखित पदाधिकारियों, केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों में निदेशकों को जारी किये जायेंगे। 28 जनवरी के लिये टिकटधारियों के अलावा भारत सरकार में उप सचिव स्तर के अधिकारियों और संबद्ध/अधीनस्थ सरकारी कार्यालयों के उन अधिकारियों को भी निमंत्रण-पत्र जारी किए जायेंगे जो केन्द्र सरकार के मंत्रालयों में निदेशक के समकक्ष हैं।

3. तदनुसार, आपसे निवेदन है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के माननीय मंत्रियों, विधायकों, पदाधिकारियों, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली परिवहन निगम, नई दिल्ली नगर पालिका तथा दिल्ली विद्युत बोर्ड एवं दिल्ली जल बोर्ड आदि के सदस्यों के नामों की सूची इस मंत्रालय को भेजने की कृपा करें ताकि यह मंत्रालय उन्हें वर्ष 2019 के गणतंत्र दिवस परेड तथा समापन समारोह के निमंत्रण पत्र जारी कर सके। गत वर्ष की तरह गणतंत्र दिवस परेड 2019 के लिये 500 स्वतंत्रता सेनानियों के नामों की सूची भी भेजने की कृपा करें। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के अधीन कार्यरत उन अधिकारियों, जो भारत सरकार के ऊपर वर्णित अधिकारियों के समकक्ष अथवा उनसे ऊपर के स्तरों के हैं, की सूची (संलग्न प्रपत्र के अनुसार) भी इस मंत्रालय को भेजें।

....2/-

4. प्रत्येक श्रेणी से संबंधित ऐसे पदाधिकारियों की अलग-अलग सूची (चार प्रतियों में, जिनमें प्रत्येक पृष्ठ पर नम्बर लिखा हो) जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के विचार में गणतंत्र दिवस व समापन समारोह, 2019 के लिए आमंत्रित किया जाना अपेक्षित है, अवर सचिव (समारोह)/ विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण), रक्षा मंत्रालय, कमरा नं. 1, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली को 31 अक्टूबर, 2018 तक अवश्य भेज दी जाए। सूची में व्यक्ति का नाम, पदनाम, पूरा पता, वेतनमान तथा वैवाहिक स्थिति से संबंधित जानकारी दी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि निमंत्रण पत्र दो बार जारी न हो, कृपया विवाहित महिला अधिकारियों के मामले में उनके पति के नाम का भी उल्लेख किया जाए।

भवदीय,

14/09/18

(सतीश सिंह)
निदेशक (वायु-III एवं समारोह)

प्रतिः

जनसम्पर्क अधिकारी,
सूचना एवं प्रसार निदेशालय,
ब्लॉक नं. 9, पुराना सचिवालय,
दिल्ली- 110054

विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण),
रक्षा मंत्रालय

परिशिष्ट 'क'

प्रपत्र

(अवर सचिव तथा उससे उच्च अधिकारियों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.. कार्यालय का पूरा पता एवं स्थान..

कार्यालय ....

पदनाम	नाम	इस ग्रेड में निरंतर नियुक्ति की तारीख (*) एवं टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में स्थान (अनुच्छेद नं.)	वेतनमान		तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता	विवाहित/ अविवाहित	आवासीय पता	क्या राजपथ के उत्तर अथवा दक्षिण में बैठेंगे (**)
			वेतन स्तर	मूल वेतन				
1	2	3	4	5	6	7	8	9

* यह केवल भारत सरकार के सचिव तथा उनके समकक्ष और इससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के संबंध में अपेक्षित है। ऐसे सभी व्यक्तियों के संबंध में जानकारी अर्थात उनका नाम, पदनाम, वेतन, टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में आने की तिथि तथा अनुच्छेद संख्या गृह मंत्रालय (पब्लिक अनुभाग) को भी भेजी जाए जिस से वे टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में वरीयता/अनुच्छेद के अनुसार सत्यापति लिस्ट बनाकर रक्षा मंत्रालय को उपलब्ध करा सकें। ** खाली न छोड़ा जाए।	सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर नाम (स्पष्ट अक्षरों में)............................... पदनाम... कार्यालय पता.. दूरभाष सं: (कार्यालय)......................(आवास)...............

परिशिष्ट 'ख'

प्रपत्र

(दिल्ली स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /स्वायत्त निकायों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.. कार्यालय का पूरा पता एवं स्थान...

नाम	पदनाम	वेतनमान		अधिकारी का स्तर, संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों में अधिकारियों की तुलना में किस पद के समान हैं	तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता	विवाहित/ अविवाहित	आवासीय पता	निवास स्थान राजपथ के उत्तर में है अथवा दक्षिण में
		वेतन स्तर	मूल वेतन					
1	2	3	4	5	6	7	8	9

कार्यालय ....

'प्रमाणित किया जाता है कि कॉलम (6) में उल्लिखित अधिकारियों का स्तर सही है।'

संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय / विभाग के उप सचिव के

हस्ताक्षर व मोहर...

दूरभाष सं:

(कार्यालय).......................(आवास)...............

सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम (स्पष्ट अक्षरों में)................................

पदनाम..

कार्यालय पता...

दूरभाष सं:

(कार्यालय).......................(आवास)...............